खेल-कूद के जरिए एकता व खेल भावना को दिया प्रोत्साहन

बाल दिवस

- **स्वास्थ्य, शिक्षा व सामुदायिक सहयोग के लिए प्रेरक कार्यक्रम आयोजित**

पिंजौर, लोकसत्य

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) रेखा के नेतृत्व में रायपुररानी ब्लॉक, पंचकूला में बाल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही डिजिटल साक्षरता और मौसमी स्वास्थ्य सावधानियों पर जागरूकता सत्र भी रखा गया। खेल-कूद के तहत नींबू-चम्मच दौड़ जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम में जोश भरा और एकता व खेल भावना को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक विश्वप्रीत सिंह, रॉकेट लर्निंग के प्रतिनिधि, सरपंच रिता देवी सहित अन्य लोग शामिल हुए।